श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता, स०वि०स० द्वारा दिनांक–20.07.2018 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न सं०–श्र०नि०–03 का उत्तर सामग्री :–

क्र0	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि पलामू जिला अन्तर्गत हरिहरगंज, पिपरा, हैदरनगर, मोहम्मदगंज प्रखण्ड में आई0 टी0 आई0 संस्थानों में शैक्षणिक कार्य शुरू नहीं किये गये हैं;	स्वीकारात्मक ।
2	क्या यह बात सही है कि शिक्षण / प्रशिक्षण कार्य शुरू नहीं होने के कारण हजारों गरीब छात्र / छात्राओं को शिक्षण एवं प्रशिक्षण हेतु जिला मुख्यालय या अन्य संस्थानों पर जाना पड़ता है;	आंशिक रूप से स्वीकारात्मक ।
3	यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इसी सत्र से शैक्षणिक कार्य प्रांरभ कराने का विचार रखती है; हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	अगामी वित्तीय वर्ष में राज्य स्तर पर आई0टी0आई0 की आवश्यकता का आकलन एवं राशि की उपलब्धता के आधार पर पलामू जिलान्तर्गत हरिहरगंज, पिपरा, हैदरनगर, मोहम्मदगंज प्रखण्ड में नये औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना पर सरकार विचार करेगी।

ह०/–
(युगेश्वर पासवान)
सरकार के उप सचिव।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग

ज्ञापांक–01 / श्र0नि0प्र0(वि0स0)–03–34 / 2018श्र0नि0– 1144 राँची, दिनांक– [illegible]

प्रतिलिपिः–अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा का ज्ञाप सं0–3060, दिनांक–09.07.2018 के प्रसंग में 200 चक्रचालित प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 13.7.18
सरकार के उप सचिव,
श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग,
झारखण्ड, राँची।

E:\San\Rahul\Vidhan Sabha\03-34-2018.docx

(154)

श्री भानु प्रताप शाही, मा0 स0 वि0 स0 द्वारा दिनांक 20.07.18 को सदन में पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न सं0–स0– 03 से संबंधित उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न		उत्तर
क्या मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :– 1. क्या यह बात सही है कि गढ़वा जिला अन्तर्गत भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य वर्ष 2008 में प्रारम्भ किया गया था, जो अभी तक अधुरा पड़ा है ;		स्वीकारात्मक।
2. क्या यह बात सही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य पूरा करने वाली एजेन्सी, संवेदक के उपर अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं किये गये है ;		अस्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि योजना का निर्माण कार्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राँची अन्तर्गत उपायुक्त, गढ़वा द्वारा चयनित कार्य एजेन्सी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल (ग्रामीण कार्य मामले), गढवा द्वारा कराया जा रहा है। उक्त एजेन्सी के पत्रांक–920 दिनांक 24.5.2018 के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भवनाथपुर का भवन निर्माण कार्य संवेदक द्वारा वित्तीय वर्ष 2013–14 में ही बन्द कर दिया गया है। संवेदक के एकरारनामा को विखंडित करते हुए जमानत की राशि जब्त कर ली गई है तथा संवेदक को काली सूची में नाम दर्ज करने की अनुशंसा संबंधित विभाग को की गई है प्रश्नाधीन योजना के अवशेष कार्य को पूर्ण कराने हेतु पुनरीक्षित प्राक्कलन मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड राँची को तकनीकि स्वीकृति हेतु उपलब्ध कराया गया है। प्राक्कलन पर तकनीकि अनुमोदनोपरांत योजना के अवशेष कर्यो के प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा।
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार दोषी एजेन्सी एवं संवेदक के उपर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?		उपरोक्त कंडिका–2 में वस्तुस्थिति स्पष्ट कर दी गई है।

झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग।

ज्ञापांक–6/पी0वि0स0 (ता0)– 49/18– 906 स्वा0, राँची, दिनांकः 19.7.18

प्रतिलिपिः उप सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञाप सं0 प्र0– 3039/वि0स0, दिनांक– 08.07.2018 के क्रम में 200 (दो सौ) अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/7/18
सरकार के अवर सचिव।

155

श्री भानु प्रताप शाही, स०वि०स० द्वारा दिनांक–20.07.2018 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न सं०–श्र०नि०–01 का उत्तर सामग्री :–

क्र0	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि गढ़वा जिला अन्तर्गत प्रखण्ड नगर उंटारी में आई0 टी0 आई0 कॉलेज बनकर तैयार है;	स्वीकारात्मक ।
2	क्या यह बात सही है कि उक्त आई0 टी0 आई0 कॉलेज में छात्र–छात्राओं का शिक्षण एवं प्रशिक्षण व्यवस्था अभी तक आरंभ नहीं हो सकी है, जिससे क्षेत्र के हजारों छात्र–छात्राओं को प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर नहीं मिल पा रहा है;	स्वीकारात्मक ।
3	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नगर उंटारी आई0 टी0 आई0 कॉलेज में पढ़ाई की व्यवस्था वर्त्तमान वर्ष में प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नगर उटॉरी का प्रशासनिक भवन/वर्कशॉप इत्यादि क्षतिग्रस्त होने के फलस्वरूप मरम्मति हेतु कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, गढ़वा से उपायुक्त, गढ़वा के माध्यम से प्राक्कलन एवं भवन की मरम्मति की आवश्यकता की जाँच करते हुए स्पष्ट अनुशंसा के साथ प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के लिए लिखा गया है। मरम्मति कार्य पूरा कर आगामी शैक्षणिक सत्र से प्रशिक्षण कार्य प्रारंभ कराया जायेगा।

विश्वासभाजन,

ह०/–
(युगेश्वर पासवान)
सरकार के उप सचिव।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग

ज्ञापांक–01/श्र0नि0प्र0(वि0स0)–03–32/2018श्र0नि0– 1151 राँची, दिनांक– 18/07/2018

प्रतिलिपिः–अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा का ज्ञाप सं0–3030, दिनांक–08.07.2018 के प्रसंग में 200 चक्रचालित प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18.7.18
सरकार के उप सचिव,
श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग,
झारखण्ड, राँची।

E:\San\Rahul\Vidhan Sabha\03-32-2018.docx

156

श्री जानकी प्रसाद यादव, मा० स० वि० स० द्वारा दिनांक 20.07.2018 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या सं० –18 का उत्तर सामग्री।

क्र0	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि हजारीबाग जिले के चलकुशा प्रखण्ड के स्वास्थ्य केन्द्र में मात्र एक डॉक्टर प्रतिनियुक्त है,	अस्वीकरात्मक। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चलकुशा में 3 चिकित्सक एवं 1 आयुष चिकित्सक कार्यरत है।
2.	क्या यह बात सही है कि पूरे प्रखण्ड की ग्रामीण जनता चिकित्सा सुविधा हेतु इसी एकमात्र डॉक्टर पर निर्भर है,	अस्वीकरात्मक।
3.	क्यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस अस्पताल में अतिरिक्त महिला एवं पुरुष डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	उपरोक्त खण्ड में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

झारखण्ड सरकार

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञाप सं0– 3/वि०स०–03–17/2018 584(3) राँची, दिनांकः 19.7.18

प्रतिलिपिः अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञाप सं0 3231/वि०स० दिनांक 13.07.2018 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अवर सचिव

157

श्री दशरथ गागराई, माननीय स.वि.स. द्वारा दिनांक–20.07.2018 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या–रा0 01 का प्रश्नोत्तर :–

	प्रश्न	उत्तर
	श्री दशरथ गागराई, माननीय स.वि.स.	**माननीय मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची।**
1.	क्या यह बात सही है कि सरायकेला–खरसावां जिला के कुचाई प्रखंड के मानकी/मुण्डा/ग्राम प्रधान/डाकुवाओं को सरकार द्वारा निर्धारित सम्मान राशि का भुगतान शुरू नहीं किया गया है,	स्वीकारात्मक।
2.	क्या यह बात सही है कि राज्य के अन्य जिलों में समकक्ष पदाधिकारियों को सरकार द्वारा निर्धारित सम्मान राशि का भुगतान ससमय किया जाता है,	आंशिक स्वीकारात्मक। गृह विभाग के संकल्प संख्या–1649, दिनांक–11.04.2018 के अनुसार 2017–18 के पूर्व तक संथाल परगना प्रमंडल के अंतर्गत दुमका, देवघर, जामताड़ा, गोड्डा, साहेबगंज एवं पाकुड़ में परम्परागत ग्राम प्रधानों एवं प0 सिंहभूम जिलान्तर्गत (कोल्हान एवं पोड़ाहाट क्षेत्र) के ग्राम प्रधान यथा–ठीकेदार एवं प्रधान, मानकी, मुण्डा एवं डाकुवा को सम्मान राशि का भुगतान गृह विभाग द्वारा किया जाता रहा है। वित्तीय वर्ष 2017–18 से उक्त सम्मान राशि का भुगतान राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा किया जा रहा है। गृह विभाग के उक्त संकल्प में सरायकेला–खरसावाँ के मानकी, मुण्डा एवं डाकुवा को सम्मान राशि का भुगतान किये जाने का उल्लेख नहीं किया गया है।

3.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार कुचाई प्रखण्ड के मानकी/मुण्डा/ग्राम प्रधान/डाकुवाओं को सम्मान राशि देने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	कंडिक–2 में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है। सरायकेला–खरसावाँ जिले के कुचाई अंचल के मानकी मुण्डा एवं डाकुवा को सम्मान राशि भुगतान नहीं किये जाने संबंधित तथ्यों के जाँचोपरान्त नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

झारखण्ड सरकार

राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक–06/वि.स. तारां.–178/2018 3024/रा., राँची, दिनांक–19-07-18

प्रतिलिपिः–अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा को उनके ज्ञाप सं. 3026/वि.स., दिनांक–08.07.2018 के प्रसंग में उत्तर की 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ/प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखण्ड, राँची/अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची/मा0 मंत्री के आप्त सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची/विभागीय प्रशाखा–12 (समन्वय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/7/18

सरकार के अपर सचिव

(158)

श्री आलमगीर आलम, माननीय स0वि0स0द्वारा दिनांक–20.07.2018 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या रा0–04, प्रश्नोत्तर :–

क्र0	प्रश्न	उत्तर
	श्री आलमगीर आलम, माननीय स0वि0स0	**श्री अमर कुमार बाउरी, माननीय मंत्री, राजस्व, निबंधन, एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची।**
1.	क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी जिलों में जमीन का लगान अब मात्र Online से ही प्राप्त करने करने का प्रावधान है ;	स्वीकारात्मक। DILRMP योजना अंतर्गत राज्य के सभी 264 अंचलों के खाता खतियान एवं पंजी–II का डिजिटाईजेशन पूर्ण कर लिया गया है। उक्त के पश्चात सभी अंचलों में Online लगान रसीद निर्गत करने की व्यवस्था की गई है।
2.	क्या यह बात सही है कि पाकुड़, साहेबगंज एवं धनबाद सहित अधिकांश जिलों के मौजों में Online लगान जमा नहीं होने से रैयतों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ;	**आंशिक स्वीकारात्मक।** ''मंत्रिपरिषद् द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि ''अवैध/संदेहास्पद जमाबंदी की अभियान चलाकार जांचोपरान्त रद्द करने'' के संबंध में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा निर्गत निदेश पत्रांक–2074/रा०, दिनांक–13.05.2016 के क्रम में अवैध जमाबंदी रद्द करने हेतु खोले गए अभिलेखों पर अंतिम आदेश पारित होने तक पूर्व में निर्गत मैनूअल लगान रसीद के आधार पर ऑनलाईन लगान रसीद निर्गत करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। अवैध जमाबंदी के अभिलेखों में पारित अंतिम आदेश से उपरोक्त निर्णय प्रभावित होगा। वैसे सभी अन्य मामले, जिसमें किसी प्रकार की कार्यवाही के बिना भी लगान रसीद निर्गत किया जाना बाधित है, उन सभी मामलों में भी ऑनलाईन लगान रसीद निर्गत करने की व्यवस्था करते हुए रसीद निर्गत किया जाय''। विभागीय पत्रांक–2884/रा०, दिनांक–10.07.2017 द्वारा सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, सभी उपायुक्त, झारखण्ड को उक्त निर्णय के आलोक में नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।
3.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार व्यापक लोकहित में पाकुड़, साहेबगंज एवं धनबाद सहित सभी जिलों के मौजों में एक निर्धारित समय–सीमा के अन्दर त्रुटियों को दूर कर Online लगान प्राप्ति व्यवस्था ठीक कराने का विचार रखती है हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?	उपर्युक्त कंडिका में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।

झारखण्ड सरकार,
राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग।

ज्ञापांक–01 (निदे0अभि0) / वि0स0–35 / 2018...371.../ नि0रा0, राँची, दिनांक–19-07-18

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा को उनके ज्ञाप सं0–3025 / वि0स0 दिनांक–08.07.2018 के प्रसंग में उत्तर की 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ / प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखण्ड, राँची / सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची / मा0 मंत्री के आप्त सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची / विभागीय प्रशाखा–12 (समन्वय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/07/18

उप सचिव–सह–उप निदेशक

(159)

श्री स्टीफन मराण्डी, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–20.07.18 को विधानसभा में पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न संख्या–रा0–13 का उत्तर सामग्री का प्रेषण–

क्र0	प्रश्न		उत्तर
	श्री स्टीफन मराण्डी, माननीय स0वि0स0		माननीय मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची
1.	क्या यह बात सही है कि सिमडेगा जिलान्तर्गत मौजा–कुरडेग, थाना संख्या–12, कुरडेग के खाता संख्या–1119 से रकवा–15 एकड़ जमीन की बन्दोबस्ती रोमन कैथोलिक विशप, राँची के नाम से दिनांक–30.12.1945 को की गयी है,		आंशिक स्वीकारात्मक। सिमडेगा जिलान्तर्गत अंचल–कुरडेग, थाना सं0–12, खाता सं0–218, प्लॉट सं0–1119, रकबा–15 एकड़ जमीन सर्वे खतियान में गैर मजरूआ मालिक लगान पानेवाला रोमन कैथोलिक विशप ऑफ राँची के रूप में दर्ज है। इस जमीन की बंदोबस्ती जमीनदार ने हुकुमनामा के द्वारा दिनांक–30.12.1945 को सुपीरियर ऑफ सिस्टर्स ऑफ संत अन्ना को की गई थी।
2.	क्या यह बात सही कि वर्णित भूखण्ड का लगान रसीद निर्मला उच्च विद्यालय, खालीजोर, सिमडेगा, कुरडेग के नाम से अभी तक कटता आया है,		स्वीकारात्मक।
3.	क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय, जिसमें वर्त्तमान में लगभग 1000 से भी अधिक छात्र–छात्राएं अध्ययनरत् है, एक जमाने से गरीब बच्चों के लिए शिक्षा का एकमात्र केन्द्र रहा है,		स्वीकारात्मक।
4.	क्या यह बात सही है कि विद्यालय को वर्ष 1945 में 15 एकड़ जमीन मिलने के लगभग 12 वर्षों के बाद वर्ष 1956 में उक्त भू–खण्ड में से नौ एकड़ जमीन का स्वामित्व वन विभाग को देने से विद्यालय के अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न हो गया है,		आंशिक स्वीकारात्मक। अंचल–कुरडेग, मौजा– कुरडेग, थाना सं0–12, खाता सं0–218, प्लॉट सं0–1119, रकबा–8.11 एकड़ अधिसूचना सं0–3740 RT दिनांक–05.12.1955 द्वारा अधिसूचित वन भूमि है।
5.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्णित भू–खण्ड पर वन विभाग के अनावश्यक दावा को खारिज करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?		विषयगत मामला W.P(C) No.-171/96 गोदावर्मन थिरूमूलकपद–बनाम्–भारत सरकार एवं अन्य में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक–12.12.1996 को पारित न्यायादेश से आच्छादित है।

झारखण्ड सरकार
राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांकः–4/स0भू0 वि0स0 (तारां0)– 82/2018....303/.....(4)/रा0 राँची, दिनांक– 19-07-18

प्रतिलिपिः–अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय को उनके ज्ञापांक–3228/वि0स0, दिनांक–13.07.18 के प्रसंग में उत्तर की 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ/प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची/प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखण्ड, राँची/माननीय विभागीय मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के आप्त सचिव एवं विभागीय प्रशाखा–12 (समन्वय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/7/18

सरकार के अपर सचिव

(160)

श्री साधु चरण महतो, स०वि०स० द्वारा दिनांक–20.07.2018 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न सं०–श्र०नि०–06 का उत्तर सामग्री :–

क्र0	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि सरायकेला–खरसावाँ जिला के चांडिल में एक आई0 टी0 आई0 भवन बनकर तैयार है पर अबतक शिक्षण/प्रशिक्षण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है;	आंशिक स्वीकारात्मक ।
2	क्या यह बात सही है कि खण्ड–1 में वर्णित स्थल में अनेक छोटी–बड़ी कम्पनी स्थापित है, परन्तु इन कम्पनियों में स्थानीय युवक/युवतियों को प्रशिक्षण के अभाव में नौकरी नहीं मिल पा रही है;	आंशिक स्वीकारात्मक।
3	यदि उक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में उक्त आई0टी0आई0 कॉलेज में वर्त्तमान सत्र से ही शिक्षण/प्रशिक्षण का कार्य प्रारंभ करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चांडिल का भवन निर्माणाधीन है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात् प्रशिक्षण प्रारंभ किया जायेगा।

विश्वासभाजन,

ह०/–
(युगेश्वर पासवान)
सरकार के उप सचिव।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग

ज्ञापांक–01/श्र0नि0प्र0(वि0स0)–03–41/2018श्र0नि0– 1152 **राँची, दिनांक–**18/07/2018

प्रतिलिपिः–अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा का ज्ञाप सं0–3224, दिनांक–13.07.2018 के प्रसंग में 200 चक्रचालित प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18.7.18
सरकार के उप सचिव,
श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग,
झारखण्ड, राँची।

E:\San\Rahul\Vidhan Sabha\03-41-2018.docx

(161)

श्री प्रकाश राम, स०वि०स० द्वारा दिनांक–20.07.2018 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न सं०–श्र०नि०–04 का उत्तर सामग्री :–

क्र0	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि लातेहार जिलान्तर्गत बालूमाथ बारीयातु एवं हेरहंज प्रखण्ड में छात्र–छात्राओं को माध्यमिक शिक्षा उपरान्त तकनीकी शिक्षा हेतु स्थानीय तौर पर एक भी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र नहीं है;	स्वीकारात्मक ।
2	क्या यह बात सही है कि उपरोक्त प्रखण्ड के छात्र/छात्राओं तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर CCL, Hindalco जैसे कई क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं;	स्वीकारात्मक ।
3	यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त प्रखण्डों यथा बालूमाथ, बारीयातू एवं हेरहंज में औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र खोलने हेतु स्वीकृति प्रदान करने का विचार रखती है; हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	अगामी वित्तीय वर्ष में राज्य स्तर पर आई0टी0आई0 की आवश्यकता का आकलन एवं राशि की उपलब्धता के आधार पर लातेहार जिलान्तर्गत बालूमाथ, बारीयातू एवं हेरहंज प्रखण्ड में नये औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना पर सरकार विचार करेगी।

विश्वासभाजन,

ह०/–
(युगेश्वर पासवान)
सरकार के उप सचिव।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग

ज्ञापांक–01/श्र0नि0प्र0(वि0स0)–03–38/2018श्र0नि0– 1145 **राँची, दिनांक–** 17/07/2018

प्रतिलिपिः–अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा का ज्ञाप सं0–3152, दिनांक–11.07.2018 के प्रसंग में 200 चक्रचालित प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

17.7.18
सरकार के उप सचिव,
श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग,
झारखण्ड, राँची।

E:\San\Rahul\Vidhan Sabha\03-38-2018.docx

(162)

श्रीमती जोबा मांझी, स०वि०स० द्वारा दिनांक–20.07.2018 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न सं०–श्र०नि०–05 का उत्तर सामग्री :–

क्र0	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि पश्चिमी सिंहभूम जिलान्तर्गत मनोहरपुर विधान–सभा क्षेत्र में दस वर्ष पूर्व आई0 टी0 आई0 भवन का निर्माण हो चुका है, किन्तु प्रशिक्षण का कार्य अबतक प्रारंभ नहीं की गई है;	स्वीकारात्मक ।
2	क्या यह बात सही है कि उक्त आई0 टी0 आई0 क्रियाशील नहीं होने की वजह से छात्र/छात्राओं को प्रशिक्षण हेतु बाहर जाना पड़ रहा है;	स्वीकारात्मक ।
3	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में मनोहरपुर में निर्मित आई0टी0आई0 केन्द्र में प्रशिक्षण का कार्य अविलम्ब शुरू करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?	सी0एस0आर0 के अन्तर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मनोहरपुर (पश्चिमी सिंहभूम) को Sail Raw material Division के माध्यम से संचालित करने का निर्णय लिया था परन्तु उक्त कम्पनी के Loss की स्थिति में होने के कारण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मनोहरपुर (पश्चिमी सिंहभूम) संचालित करने में असमर्थता व्यक्त किया गया। तदोपरान्त सरकार द्वारा उक्त संस्थान को संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए पद सृजन की कार्रवाई की जा रही है, ताकि प्रशिक्षण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा सके।

विश्वासभाजन,

ह०/–

(युगेश्वर पासवान)
सरकार के उप सचिव।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग

ज्ञापांक–01/श्र0नि0प्र0(वि0स0)–03–39/2018श्र0नि0– 1153 राँची, दिनांक– 18/7/2018

प्रतिलिपिः–अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा का ज्ञाप सं0–3219, दिनांक–12.07.2018 के प्रसंग में 200 चक्रचालित प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18.7.18

सरकार के उप सचिव,
श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग,
झारखण्ड, राँची।

E:\San\Rahul\Vidhan Sabha\03-39-2018 P.docx

163

श्रीमती सीमा देवी, माननीया स0वि0स0 द्वारा दिनांक–20.07.2018 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न सं0–रा0–12 का प्रश्नोत्तरः–

क्र.सं.	प्रश्न	उत्तर
	श्रीमती सीमा देवी, माननीया स0वि0स0	माननीय मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची
1.	क्या यह बात सही है कि राँची जिलान्तर्गत सोनाहातु प्रखंड के मौजा–लान्दुपडीह, थाना सं0–1 के खेवट सं0–26 के विविध वाद सं0–07/07–08 में विभागीय ज्ञापांक–4165, दिनांक–09.08.2017 द्वारा संसूचित है कि दोषियों पर समुचित कार्रवाई हेतु अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू को निदेशित किया गया है, परंतु अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है।	स्वीकारात्मक। उपायुक्त, राँची द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि संबंधित मामले में दोषी पदाधिकारी/राजस्व कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।
2.	क्या यह बात सही है कि उक्त भूमि पर सेस वसूली आदेश हेतु वंशावली राजस्व कर्मचारी एवं अंचलाधिकारी द्वारा अलग–अलग बनाया गया है?	स्वीकारात्मक। दोनों वंशावली में भिन्नता है।
3.	यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित निदेशित पदाधिकारी द्वारा इसी वित्तीय वर्ष में जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराते हुए अग्रेतर कार्रवाई का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों?	उक्त मामले में 15 (पंद्रह) दिनों के भीतर नियमानुसार कार्रवाई कर ली जायेगी।

झारखण्ड सरकार

राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक– 06/वि0स0(तारा0)–185/2018 3043 (6)/रा0, राँची, दिनांक– 19-07-18

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय को उनके ज्ञापांक–3225, दिनांक–13.07.2018 के प्रसंग में उत्तर की 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ/प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखण्ड, राँची/अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची/ माननीय विभागीय मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के आप्त सचिव एवं विभागीय प्रशाखा–12(समन्वय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/7/18

सरकार के अपर सचिव।

(164)

श्री रामकुमार पाहन, माननीय स.वि.स. द्वारा दिनांक–20.07.2018 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या–रा.–05 का प्रश्नोत्तर :–

	प्रश्न		उत्तर
	श्री रामकुमार पाहन, माननीय स.वि.स.		माननीय मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची।
1.	क्या यह बात सही है, कि राँची जिलान्तर्गत ओरमांझी प्रखण्ड मुख्यालय में अंचल कार्यालय में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी श्री नन्दकिशोर सिंह द्वारा खाता, प्लॉट, एवं रकबा में ऑनलाईन सुधार हेतु श्री दिलीप बेदिया ओरमांझी निवासी से 3000 रू. (तीन हजार) रूपया लेने के बावजूद अबतक सुधार नहीं किया गया है तथा उक्त कर्मचारी के विरूद्ध मेरे द्वारा मा. विभागीय मंत्री विभागीय सचिव एवं उपायुक्त, राँची को दिनांक–10.04.18 को शिकायत किया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।		आंशिक स्वीकारात्मक। आवेदक श्री दिलीप बेदिया, पिता–श्री टुसू बेदिया, ग्राम–बड़ा गगारी, पो.–डहु, थाना–ओरमांझी, जिला–राँची द्वारा समर्पित आवेदन पत्र को संज्ञान में लेते हुए जाँचोपरांत प्रशासनिक दृष्टिकोण से श्री नन्द किशोर सिंह, राजस्व कर्मचारी को तमाड़ अंचल में स्थानांतरण कर दिया गया है। आवेदक के द्वारा दिये गये आवेदन के आलोक में मौजा–ओरमांझी, के प्लॉट सं.–989 का ऑनलाईन प्रविष्टि कर दी गयी है।
2.	यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त कर्मचारी के विरूद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?		संबंधित कर्मचारी को स्थानान्तरित कर दिया गया है।

झारखण्ड सरकार
राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक–6 / वि.स. तारांकित–180 / 2018.....3026.....(6) / रा., राँची, दिनांक–.19-07-18

प्रतिलिपिः–उप सचिव, झारखण्ड विधान सभा को उनके ज्ञाप सं. प्र.–3028 / वि.स., दिनांक–08.07.2018 के प्रसंग में उत्तर की 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ / प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखण्ड, राँची / प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची / मा0 मंत्री के आप्त सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची / विभागीय प्रशाखा–12 (समन्वय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/7/18

सरकार के अपर सचिव

(165)

श्री चमरा लिण्डा, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–20.07.18 को विधानसभा में पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न संख्या–रा0–08 का उत्तर सामग्री का प्रेषण–

क्र0	प्रश्न	उत्तर
	श्री चमरा लिण्डा, माननीय स0वि0स0	माननीय मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची
1.	क्या यह बात सही है कि ग्राम डीबडीह, थाना नं0–27 प्रखण्ड एवं जिला गुमला का खाता नं0–107 प्लॉट नं0–1507 रकबा–8.89 खतियान में गैरमजरूआ मालिक के नाम से दर्ज है;	स्वीकारात्मक। गुमला जिला के गुमला अंचलान्तर्गत मौजा डीबडीह, थाना नं0–27, खाता नं0–107, प्लॉट नं0–1507 कुल रकबा–8.98 एकड़ भूमि आर. एस. खतियान में गैरमजरूआ मालिक दर्जा जंगल साखू नाम लगान पाने वाला राम प्रताप लाल साहू के नाम से दर्ज है।
2.	क्या यह बात सही है कि गैरमजरूआ मालिक को कोई जमींदार 1946 यानि जमींदारी समाप्त होने के बाद हुकुमनामा द्वारा किसी व्यक्ति को बिक्री कर सकता है;	अस्वीकारात्मक। बिहार भूमि सुधार अधिनियम की धारा–4(h) के अनुसार 01 जनवरी, 1946 के पश्चात् गैर मजरूआ मालिक भूमि का हस्तांतरण प्रथम दृष्टया विधिसम्मत प्रतीत नहीं होता है।
3.	यदि उपरोक्त खाता नं0–107 प्लॉट नं0–1507 रकबा–8.98 एकड़ LAND REFORMATION ACT 1950 के धारा 5,6,7 के तहत् उस गाँव के जमीनदार ने अपने नाम से 1956 में RENT FIXATION कराया है तो क्या सरकार हुकुमनामा के आधार पर मालिक के पक्ष में दाखिल–खारिज करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	मौजा डीबडीह, थाना नं0–27, खाता नं0–107, प्लॉट नं0–1507 कुल रकबा–8.98 एकड़ भूमि का जमाबंदी पंजी–2 के पृष्ठ सं.–249 भोल्यूम–2 में श्रीमती आरती लाल जौजे नवकुमार लाल के नाम से कायम था, जिसे उनके द्वारा विभिन्न रैयतों को उक्त प्लॉट में से 7.21 एकड़ भूमि बिक्री किया गया, तदनुसार उक्त रैयतों के नाम से दाखिल–खारिज होकर नया जमाबंदी कायम हुआ है। उपरोक्त मामले में जाँचोपरांत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

झारखण्ड सरकार
राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांकः–4/स0भू0 वि0स0 (तारां0)– 79/2018...3032...(4)/रा0 राँची, दिनांक– 19-07-18

प्रतिलिपिः–अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय को उनके ज्ञापांक–3153/वि0स0, दिनांक–11.07.18 के प्रसंग में उत्तर की 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ/प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची/प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखण्ड, राँची/माननीय विभागीय मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के आप्त सचिव एवं विभागीय प्रशाखा–12 (समन्वय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/7/18

सरकार के अपर सचिव

C:\Users\win8.1\Desktop\Prashnuttar July 18.docx

श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता, माननीय सदस्य, झारखण्ड विधान सभा द्वारा दिनांक–20.07.18 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या– स– 10 का उत्तर प्रतिवेदन।

क्रं०	प्रश्न	उत्तर
1-	क्या यह बात सही है, कि पलामू जिला अन्तर्गत हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एव हुसैनाबाद अनुमंडलीय स्वास्थ्य केन्द्र में मूलभूत सुविधाओं यथा बेड, ब्लड बैंक, ऑपरेशन थियेटर, ई0सी0जी0 एवं सीटी स्कैन नहीं होने से मरीजों को स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पाता है ;	आंशिक स्वीकारात्मक। पलामू जिला अन्तर्गत हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ऑपरेशन थियेटर तथा 08 बेड उपलब्ध है, जिसमें 03 प्रसव गृह, 03 सामान्य 02 आकास्मिक सेवा में क्रियाशील है। हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल में सी0टी0 स्कैन नहीं है, इ0सी0जी0 एवं ऑपरेशन थियेटर क्रियाशिल नहीं है, ब्लड स्टोरेज यूनिट का अनुज्ञप्ति प्राप्त है एवं क्रियाशील है। इस अस्पताल में 30 बेड है जिसमें 06 सामान्य, 06 एफ0आर0यू0, 06 प्रसवोत्तर, 02 आकास्मिक एवं 10 कुपोषण उपचार में क्रियाशील है।
2-	क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य केन्द्र मुलभूत सुविधा नहीं रहने के कारण वर्णित प्रखण्डों के मरीजों को स्वास्थ्य संबंधित जॉच कराने जिला मुख्यालय जाना पड़ता है ;	अस्वीकारात्मक। हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं हुसैनावाद अनुमंडल अस्पताल में केवल गंभीर मरीज को ही एम्बुलेंस के द्वारा बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए सदर अस्पताल भेजा जात है।
3	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार अविलम्ब वर्णित स्वास्थ्य केन्द्रों पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नही तो क्यों ?	उपर्युक्त खण्डों में स्थिति स्पष्ट कर दिया गया है।

झारखंड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञाप सं० : 15/वि0स0–07-53/18 349(15) राँची, दिनांक– 19/7/2018
प्रतिलिपि : अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञाप संख्या प्र0– 3061 दिनांक– 09-07-18 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19.7.18
सरकार के उप सचिव

Tiwari

(167)

श्री शशि भूषण सामाड़, माननीय सदस्य, झारखण्ड विधान सभा द्वारा दिनांक– 20.07.18 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या– स–02 का उत्तर प्रतिवेदन।

क्रं०	प्रश्न	उत्तर
1-	क्या यह बात सही है कि प0 सिंहभूम जिलान्तर्गत चक्रधरपुर अनुमण्डल अस्पताल में वर्षों से यूनिट के आधार पर चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी का पद रिक्त है ;	आंशिक स्वीकारात्मक। प0 सिंहभूम जिलान्तर्गत चक्रधरपुर अनुमण्डल अस्पताल में कुल 11 पदों के विरूद्ध 02 चिकित्सा पदाधिकारी एवं 01 उपाधीक्षक पदस्थापित है। इसके अलावा अनुबंध के आधार पर 02 चिकित्सक कार्यरत हैं। अनुमंडल अस्पताल, चक्रधरपुर के लिए अलग से चिकित्सा कर्मी का पद सृजित नहीं है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चक्रधरपुर में कार्यरत चिकित्सा कर्मियों से ही अनुमंडलीय अस्पताल चक्रधरपुर में कार्य लिया जाता है।
2-	क्या यह बात सही है कि चक्रधरपुर अनुमण्डल अस्पताल में चिकित्सा कर्मी के अभाव में स्थानीय आमजन को जिले से बाहर तथा निजी अस्पतालों में चिकित्सा के लिए जाना पड़ता है, जिससे उन्हें मानसिक एवं आर्थिक कठिनाईयाँ उठानी पड़ती है ;	आंशिक स्वीकारात्मक। अनुमंडलीय अस्पताल, चक्रधरपुर में पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थापित/कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारियों एवं चिकित्सा कर्मियो के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल, चक्रधरपुर में उपलब्ध संसाधनों से मरीजों को चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान की जाती है। गंभीर मरीजों को ही बेहतर ईलाज के लिए उच्चतर संस्थानों में भेजा जाता है।
3-	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार चक्रधरपुर अनुमण्डल अस्पताल में यूनिट के आधार पर चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नही तो क्यों ?	उपर्युक्त कंडिकाओं में स्थिति स्पष्ट कर दिया गया है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद पर नियुक्ति हेतु अधियाचना झारखण्ड लोक सेवा आयोग को भेजा गया है। अनुशंसा प्राप्त होने पर रिक्त पदों पर चिकित्सकों को पदस्थापित किया जायेगा।

झारखंड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञाप सं० : 15/वि0स0–07-51/18346(15) राँची, दिनांक– 19/7/2018
प्रतिलिपि : अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञाप संख्या प्र०– 3035 दिनांक– 08-07-18 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19.7.18
सरकार के उप सचिव

Tiwari

(168)

13/नि॰ (विधान सभा) 02/2018.....

झारखण्ड सरकार

राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग।

श्रीमती विमला प्रधान,स॰वि॰स॰ द्वारा दिनांक 20.07.2018 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या रा॰–07 का उत्तर सामग्री

क्र॰	प्रश्न	उत्तर
	श्रीमती विमला प्रधान, मा॰स॰वि॰स॰	**श्री अमर कुमार बाउरी, मा॰मंत्री,राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, रांची।**
1.	क्या यह बात सही है कि राज्य के निबंधन विभाग द्वारा स्वंयसेवी संस्था के निबंधन हेतु Online आवेदन लिया जाता है और निबंधन में अनावश्यक रूप से विलम्ब किया जाता है ;	**अस्वीकारात्मक।**
2.	क्या यह बात सही है कि रांची जिला में निबंधन हेतु "द कर्मवीर ग्रुप" जिसका अस्थाई ID से 8459 दिनांक–09.06.17 द्वारा Online आवेदन किये जाने के उपरांत अभी तक संस्था का निबंधन नहीं किया गया है ;	**अस्वीकारात्मक।** दिनांक–13.07.2018 को संस्था का निबंधन किया जा चुका है। जिसका निबंधन संख्या–68 है।
3	क्या यह बात सही है कि द कर्मवीर ग्रुप द्वारा सभी कागजात विभाग में जमा करवाने के बाद भी नित्य नयी (Objection) आपत्ति किया जा रहा है ;	**अस्वीकारात्मक।** निबंधन हेतु आवेदन ऑनलाईन रूप से पक्षकारों द्वारा समर्पित किए जाते है तथा विभागीय पोर्टल पर अपलोड किए गए चेक सिल्प के अनुरूप नहीं रहने की स्थिति में त्रुटि सुधार हेतु आवेदन पक्षकार को लौटाया जाता है तथा पक्षकार द्वारा त्रुटि सुधार करने के उपरांत निबंधन किया जाता है। त्रुटि सुधार हेतु आवेदन पक्षकार को विभाग द्वारा लौटाया गया था तथा पक्षकार द्वारा त्रुटि सुधार करने के उपरांत निबंधन संपादित कर दिया गया है।
4	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार द कर्मवीर ग्रुप का निबंधन कराने का विचार रखती है हॉ, तो कब तक, नही तो क्यों ?	कंडिका–2 में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।

ज्ञापांक :– 13/नि॰ (विधान सभा) 02 /2018 -1178/वि॰ राँची, दिनांकः... 19-7-18

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय को उनके ज्ञापक सं॰ 3154, दिनांक–11.07.18 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ (दो सौ प्रति के साथ) प्रेषित।

अशोक कुमार
18-07-18
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक :– 13/नि॰ (विधान सभा) 02 /2018 -1178/वि॰ राँची, दिनांकः... 19-7-18

प्रतिलिपिः– आप्त सचिव, माननीय मंत्री (राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

अशोक कुमार
18-07
सरकार के अवर सचिव

(169)

श्री रवीन्द्र नाथ महतो, स0वि0स0 द्वारा दिनांक–20.07.2018 को सदन में पूछा जाने वाला
तारांकित प्रश्न संख्या–स0–04 का उत्तर प्रतिवेदन।

क्रमांक	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि जामताड़ा जिला में संचालित सभी CHC केन्द्रों में जन औषधि केन्द्र नहीं रहने से गरीब तबके के लोगों को मंहगी दवा खरीदना पड़ता है।	आंशिक स्वीकारात्मक है। जामताड़ा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जन औषधि केन्द्र नहीं है। स्वास्थ्य केन्द्रों को विभाग द्वारा आवश्यक दवाओं की आपूर्ति की जाती है। इसके आलावा विभागीय स्तर से दवा मद में उन्हें राशि भी आवंटित की जाती है, जिससे आवश्यकतानुसार दवा क्रय कर चिकित्सा हेतु आने वाले मरीजों को उपलब्ध करायी जाती है।
2	क्या यह बात सही है कि जिले के सभी CHC केन्द्रों में जन औषधि केन्द्र खुल जाने से ग्रामीण क्षेत्र के गरीब व्यक्तियों के लिए काफी सुविधा होगी।	आंशिक स्वीकारात्मक है।
3	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जिला में संचालित सभी CHC केन्द्रों में जन औषधि केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	दिनांक–25.05.2018 को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची तथा BPPI (Bureau of Pharma Public Sector Undertakings of India) जो उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय, भारत सरकार का एक उपक्रम है, के बीच पूरे राज्य में 250 जन औषधि केन्द्र खोलने हेतु MOU पर हस्ताक्षर हुआ है। वर्त्तमान में जन औषधि केन्द्र के संचालन हेतु एजेंसी के चयन की नीति एवं प्रक्रिया निर्धारित की जा रही है। एजेंसी का चयन होने पर स्थल चिन्हितकरण कर जन औषधि केन्द्र खोला जायेगा।

झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग,

ज्ञापांक–16/वि0स0 (तारांकित)–13–03/2018 110 (16) स्वा/राँची, दिनांक 19.07.2018
प्रतिलिपिः–अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञाप संख्या–3034 दिनांक–08.07.2018 के क्रम में 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ प्रेषित।

19.7.2018
सरकार के अवर सचिव।

(170)

श्री पौलुस सुरीन, माननीय सदस्य, झारखण्ड विधान सभा द्वारा दिनांक–20.07.18 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या– स–14 का उत्तर प्रतिवेदन।

क्रं०	प्रश्न	उत्तर
1-	क्या यह बात सही है कि सिमडेगा जिलान्तर्गत बानों प्रखण्ड के बेड़ाईरगी पंचायत एवं अन्य बहुत पंचायतों में स्वास्थ्य उपकेन्द्र नहीं है जिसके कारण वहाँ के निवासियों को चिकित्सा में घोर परेशानी हो रही है ;	अस्वीकारात्मक। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बानो द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार सिमडेगा जिलान्तर्गत बानो प्रखण्ड के बेड़ाईरगी पंचायत में स्वास्थ्य उपकेन्द्र ओल्हान लगभग 4 कि0मी0, स्वास्थ्य उपकेन्द्र सुतरौली लगभग 2 कि0मी0 एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्र रब्बई लगभग 2 कि0मी0 पर स्थित है। बेड़ाईरगी पंचायत के सभी आम जनता को स्वास्थ्य उपकेन्द्र के द्वारा चिकित्सा सुविधा दी जा रही है बानो प्रखण्ड अन्तर्गत सभी पंचायतों में स्वास्थ्य उपकेन्द्र है, जिससे आम जनता को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाती है।
2-	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार बेड़ाईरगी पंचायत एवं अन्य पंचायतों में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण जनहित में शीघ्र कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नही तो क्यों ?	उपर्युक्त खण्ड में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

झारखंड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञाप सं० : 15/वि0स0–07-56/18 3544(15) राँची, दिनांक– 19/7/2018
प्रतिलिपि : अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञाप संख्या प्र०– 3149 दिनांक– 11-07-18 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19.7.18
सरकार के उप सचिव

Tiwari

171

श्री केदार हाजरा, मा० स० वि० स० द्वारा दिनांक 20.07.2018 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या सं० –19 का उत्तर सामग्री।

क्र0	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि गिरिडीह जिला के जमुआ प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मिर्जागंज तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नवडीहा में स्वीकृत पद के अनुरुप चिकित्सक तथा चिकित्सा कर्मी का पदस्थापन नहीं है;	आंशिक स्वीकरात्मक। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नवाडीह में 1 चिकित्सक एवं 3 कर्मी कार्यरत हैं तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मिर्जागंज में 2 पाराकर्मी कार्यरत है
2.	क्या यह बात सही है कि खण्ड–1 में दर्शाए गए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पर स्वीकृत पद के अनुरुप चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी के कमी के कारण स्थानीय जनता को काफी कठिनाईओं का सामना करना पड़ता है;	अस्वीकरात्मक। प्रा०स्वा०केन्द्र, मिर्जागंज एवं नवाडीह में पदस्थापित पारा कर्मी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी जमुआ के द्वारा चिकित्सकों के रोस्टर के अनुरुप उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।
3.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार दोनो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सृजित पद के अनुरुप चिकित्सक तथा चिकित्सा कर्मी का पदस्थापन पर विचार रखती है, हॉ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	चिकित्सकों के उपलब्धता के आधार पर पदस्थापन पर विचार किया जाएगा।

झारखण्ड सरकार

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञाप सं0– 3 / वि०स०–03–19 / 2018 585 (3) राँची, दिनांक: 19.7.18

प्रतिलिपि: अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञाप सं0 3230 / वि०स० दिनांक 13.07.2018 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अवर सचिव

(172)

श्री अमित कुमार मंडल, मा0 स0 वि0 स0 द्वारा दिनांक 20.07.18 को सदन में पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न सं0–स0– 01 से संबंधित उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :– 1. क्या यह बात सही है कि गोड्डा जिलान्तर्गत बंसतराय को प्रखण्ड का दर्जा 2010 में दिया गया है ;	स्वीकारात्मक।
2. क्या यह बात सही है कि प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य केन्द्र यानी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा नहीं दिया गया है और अब तक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सहारे प्रखण्ड स्तरीय अस्पताल कार्यरत है, जहाँ पर नियमित डॉक्टर, कर्मी समेत अन्य सुविधाओं का घोर अभाव है रहने के कारण बसंतराय प्रखण्ड के रोगियों को गोड्डा सदर अस्पताल पर निर्भर रहना पड़ता है, जो जिला मुख्यालय से 30 कि0मी0 दूर है जिस कारण प्रखण्ड वासियों को कई तरह का कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है ;	प्रश्नाधीन प्रखण्ड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है, जहाँ दो चिकित्सा पदाधिकारी, दो ए0एन0एम0, एक स्वास्थ्य प्रशिक्षक, एक प्रयोगशाला प्रवैधिक, एक लिपिक,एक फर्मासिस्ट, दो चतुर्थवगीय कर्मी का पद स्वीकृत है। वर्त्तमान में वहाँ एक स्वास्थ्य प्रशिक्षक एक लिपिक, एक प्रयोगशाला प्रावैधिक एवं एक आयुष चिकित्सक पदस्थापित एवं कार्यरत है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरगामा से चिकित्सक को प्राधिकृत कर एवं चार अनुबंध ए0एन0एम0 को पदस्थापित कर चिकित्सीय कार्य कराया जाता है। बसंतराय में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर की चिकित्सीय सेवा प्रदान की जा रही है। प्रखण्ड मुख्यालय सदर अस्पताल की दूरी 30 कि0मी0 है परन्तु बसंतराय मुख्यालय से 15–18 कि0मी0 की दूरी पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पथरगामा अवस्थित है, जहाँ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्तर की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है।
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बसंतराय प्रखण्ड को प्रखण्ड स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा देते हुए वित्तीय वर्ष 2018–19 में स्वीकृति प्रदान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	वस्तु स्थिति यह है कि गैर जनजातीय क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के स्थापना हेतु आई0पी0एच0एस0 मापदण्ड के अनुरूप कुल 1,20,000 जनसंख्या निर्धारित की गई है, जब कि जनगणना– 2011 के अनुसार बसंतराय प्रखण्ड का कुल जनसंख्या 93448 है। अतः वर्तमान में विषयाधीन प्रखण्ड में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्वीकृति नियमानुकूल प्रतीत नहीं होता है।

झारखण्ड सरकार

स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग।

ज्ञापांक–6/पी0वि0स0 (ता0)– 50/18– 905 स्वा0, राँची, दिनांकः 19.7.18

प्रतिलिपिः अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञाप सं0 प्र0– 3033/वि0स0, दिनांक– 08.07.2018 के क्रम में 200 (दो सौ) अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/7/18

सरकार के अवर सचिव।

(173)

श्रीमती सीमा देवी, मा०स०वि०स० द्वारा दिनांक–20.07.2018 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न संख्या–रा०–11 का प्रश्नोत्तर।

क्र०	प्रश्न श्रीमती सीमा देवी, मा०स०वि०स०		उत्तर माननीय मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची।
1	क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी जिले में जमीन संबंधी रजिस्टर के पंजी–2 की जमीन के ऑनलाईन रिकार्ड में शून्य बताया जा रहा है ;		अस्वीकारात्मक।
2	क्या यह बात सही है कि राँची जिला के अनगड़ा, सिल्ली, राहे और सोनाहातु अंचलों के पंजी–2 में सुधार के मामले सर्वाधिक लंबित है ;		अस्वीकारात्मक।
3	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार एक माह के अंदर पंजी–2 में शून्य हुए खातों को शीध्र सुधार करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?		प्रत्येक महीने के 1ली तारीख से 10 वीं तारीख के बीच पंजी–2 में सुधार हेतु ऑनलाईन पोर्टल खोलने की व्यवस्था की गई है जिसमें त्रुटि सुधार का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

झारखण्ड सरकार

राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग।

ज्ञापांक–01/(निदे०अभि०) वि०स०–36/2018 – 370/रा० राँची, दिनांक– 19-07-18

प्रतिलिपिः–अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा को उनके ज्ञापांक–3215, दिनांक–12.07.2018 के प्रसंग में उत्तर की 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ/ अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची/ प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय एवं विभागीय के आप्त सचिव एवं विभागीय प्रशाखा–12 (समन्वय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/07/18

सरकार के उप सचिव।